crease in their price. It is also proposed to develop an effective monitoring mechanism to strictly monitor the prices of drugs of decontrolled category with a view to bringing any of such drugs within the ambit of control, should it be considered necessary to do so.

Criteria for no-industry district

18. SHRI V. GOPALSAMY: SHRI T. R. BALU:

Will the Minister of INDUSTRY- be pleased to state;

(a) whether Government have decided to modify the criteria to decide no industry area by changing the present definition of no-industry area; and

Ob) if so, what are the details of the proposed new policy and by when it is likely to be implemented?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) and (b) The existing Schemes of incentives for industrialisation of backward areas/ "No Industry Districts' have been reviewed by an Inter-Ministerial Committee. Recommendations of the Committee are under the consideration of Government.

भारतीय विधिज्ञ परिषद

19. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या विधि और न्याय मंत्री 9 मार्च, 1987 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1414 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि भारतीय विधिज्ञ परिषद् का यह नियम कि दिल्ली उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में नामांकन चाहने वाले व्यक्तियों को अंग्रेजी भाषा की प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है--कब से लागू है । क्या ऐसा नियम "क" क्षेत्र में जिसे हिंदी भाषी क्षेत्र कहा जाता है, और कहीं लागू है।

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एच० आर० भारद्वाज) : भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अंग्रेजी भाषा में लिखित परीक्षा में प्रवीणता से संबंधित नियम 1-8-1971 से प्रवृत्त हैं । यह नियम सम्पूर्ण भारत पर लागू है ।

पैट्रोल और गैस की खोज

20. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कहां-कहां पैट्रोल और गैस की खोज का कार्य चल रहा है और गत तीन वर्षों के दौरान इन पर कितनी राशि खर्च की गयी और इस संबंध में अब तक कितनी सफलता मिली है ;

(ख) सर्वेक्षण के आधार पर आकलित कितने स्थानों में तेल के पता लगने की संभावना है जहां खोज अथवा खुदाई का कार्य अभी शुरू किया जाना है ;

(ग) किन-किन स्थानों पर खोज के लिए स्वदेशी यंत्र इस्तेमाल में लाए जा रहे हैं और कितनी विदेशी कम्पनियों के यंत्र इस्तेमाल में लाए जा रहे हैं और उनके प्रभार क्या हैं ; और

(घ) कौन-कौन से देश इस कार्य में किन-किन स्थलो पर और किस प्रकार से सहयोग प्रदान कर रहे हैं और वह यह सहयोग कब से प्रदान कर रहे हैं ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा वित्त मंत्रालयम में राज्य मंत्री (श्री झहू दत्त) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

विधि पुस्तकें

21. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या विधि और न्याय मंत्री 9 मार्च, 1987 को राज्य सभा में अतारांकित